an>

Title: Need to supply urea for Rabi crop in rajasthan. *

श्री ओम बिरला (कोटा) : महोदया, रबी की फसल के लिए यूरिया उपलब्ध न होने के कारण किसानों की फसल नष्ट होने की नौबत आ रही है। राजस्थान में कुल 2 लाख 66 हजार मीट्रिक टन यूरिया की आवश्यकता थी, जिसमें से 1 लाख 18 हजार मीट्रिक टन इंडियन खाद एजेंसियों से और 1 लाख 50 हजार मीट्रिक टन विदेश से यूरिया आने वाला था। लेकिन 12 नवम्बर होने के बाद भी इस 1 लाख 50 हजार मीट्रिक टन में से केवल 35 हजार मीट्रिक टन ही यूरिया उपलब्ध हो पाया है। जिसके कारण राजस्थान के कोटा, बूंदी, बारा और झालावाड़, जो कि सरसों का बहुत बड़ा इलाका है, यहां किसानों की फसल नष्ट होने की नौबत आ रही है।

महोदया, मेरी मांग है कि आईपीएल, कृभको, इंडियन खाद इंडस्ट्रीज़ और पोर्ट पर पड़े हुए यूरिया के लिए विशेष वैगन लगा कर किसानों को खाद उपलब्ध करवायी जाए ताकि हम किसानों की फसल को बचा सकें।